ट्रैकिंग नम्बर : 10158014

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांक: एफ–13 ( ) उपा.आयो–II / नगिज / 2023 / 416 दिनांक: 19/5/2023

आदेश

विषयः– भूखण्ड संख्या 10, शिव नगर, हरनाथपुरा (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने एवं पट्टा सरेण्डर नहीं करने पर मूल पट्टा निरस्त करने बाबत्।

श्री अजीत सिंह पुत्र श्री मामन सिंह द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भू.सं. 10 (पश्चिमी भाग), शिव नगर, हरनाथपुरा (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड), जयपुर क्षेत्रफल 93.37 वर्गगज का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहने हेतु नगर निगम ग्रेटर, जयपुर मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। मूल आवंटी श्री लालचंद एवं इन्द्रपाल पुत्रान श्री मुन्शीराम द्वारा दिनांक 26.07.2007 को अपंजीकृत वसीयतनामा द्वारा श्री सोहन लाल कुमावत के पक्ष में वसीयत की गई। मूल आंवटी ने जरिए रजि. मुख्तयारआम द्वारा दिनांक 25.07.2007 को श्री सोहन लाल कुमावत के पक्ष में क्षेत्रफल 186.74 व.ग. मुख्त्यार किया गया। श्री सोहन लाल कुमावत ने जरिए रजि. विक्रय पत्र द्वारा उक्त भूखण्ड का पश्चिमी भाग श्री अजीत सिंह पुत्र मामन सिंह क्षेत्रफल 93.37 व.ग. के पक्ष में बेचान किया गया।

वर्तमान में आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड के पश्चिमी भाग का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहा गया है। नियमानुसार आवेदक को आवेदित भूखण्ड का मूल पट्टा कार्यालय में सरेण्डर करवाना होता है। आवेदक द्वारा अवगत कराया गया है कि मूल पट्टा श्री सोहन लाल कुमावत के अधिकार/कब्जे में है। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1682 दिनांक 31.11.2022 एवं स्मरण पत्र क्रमांक 1971 दिनांक 23.01.2023 द्वारा मूल पट्टा निगम में जमा कराने व आप भी चाहे तो फ्री होल्ड पट्टा प्राप्त करने बाबत् सूचित किया गया, लेकिन श्री सोहन लाल कुमावत द्वारा उक्त भूखण्ड का मूल पट्टा आज दिनांक तक इस कार्यालय मे सरेण्डर नहीं करवाया गया है।

प्रशासन शहरो के संग अभियान जारी गाईड लाईन दिनांक 21.04.2022 के बिन्दु संख्या 3 के अनुसार मूल पट्टेधारी को नोटिस देने पर व पट्टा जमा नहीं करवाने पर श्री लालचंद एवं इन्द्रपाल पुत्रान श्री मुन्शीराम के नाम से जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा दिनांक 23.02.2007 को जारी पट्टा नियमानुसार नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा निरस्त किया जाकर आवेदक के पक्ष मे नियमानुसार लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जा रहा है। मूल पट्टा अब शुन्य हो गया है। सूचित रहे।

उपायुक्त (आयोजना–द्वितीय)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

प्रतिलिपिः–

1. श्री लालचन्द एवं श्री इन्द्रपाल पुत्रान श्री मुन्शीराम पता ब्लॉक एन–15, क्वार्टर नम्बर 131, राज0 पुलिस अकादमी, शास्त्री नगर, जयपुर को सूचनार्थ।
2. श्री सोहन लाल कुमावत पुत्र श्री छोटूराम कुमावत, पता : 14, शिव नगर, कालवाड़ रोड, हरनाथपुरा, जयपुर को सूचनार्थ।
3. श्री अजीत सिंह पुत्र श्री मामन सिंह पता : 10, शिव नगर, हरनाथपुरा, जयपुर को सूचनार्थ।
4. ओसवाल डाटा प्रोसेसर, नगर निगम, जयपुर

उपायुक्त (राजस्व–द्वितीय)
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर